# प्रेरणा
त्रैमासिक समाचार पत्र
**श्री शक्ति डिग्री कॉलेज**
ग्राम-सांखाहरी, पो०-हरबसपुर, कानपुर नगर

# Prerna
QUARTERLY NEWS LETTER
**Shri Shakti Degree College, Kanpur**
Vill. Sankhahari, Po-Harbaspur, Kanpur Nagar

अंक-द्वितीय
जनवरी से मार्च 2013




## इस अंक में....................



1. युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानन्द जयन्ती
2. महान सन्त श्री पथिक जी के जन्मोत्सव के साथ शुरू हुआ त्रिदिवसीय युवा महोत्सव
3. महाविद्यालय का यू०जी०सी० नैक से हुआ मूल्यांकन
4. विज्ञान को प्रयोग के माध्यम से आसानी से सीखें
5. शिक्षक इतिहास का निर्माता है, शिक्षक सम्मान समारोह
6. छात्र/छात्राओं की विदाई समारोह में छलकी आँखें
7. बी.सी.ए. के छात्र/छात्राओं ने की ट्रेनिंग
8. मानव जीवन के हर पहलू का अभिन्न अंग है शैवाल, अतिथि व्याख्यान
9. कम्युनिकेटिव इंग्लिश पर कार्यशाला का आयोजन
10. महाविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल का शुभारम्भ
11. विश्व महिला दिवस पर वुमेन-एण्टी हैरिसमेण्ट सेल द्वारा दिए गए सुरक्षा टिप्स
12. मौन धारण एवं मोमबत्ती जलाकर दी गई शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि
13. महाविद्यालय में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं कृषि सेवा शिविर का आयोजन



**बी. एल. जोशी**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**राज भवन**
लखनऊ-227 132



## सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि श्री शक्ति डिग्री कालेज, घाटमपुर, कानपुर द्वारा त्रैमासिक न्यूज़ लेटर ''प्रेरणा'' का द्वितीय अंक प्रकाशित किया जा रहा है।

मुझे आशा है कि न्यूज लेटर ''प्रेरणा'' विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायक होगा। इसके सफल प्रकाशन हेतु मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ करता हूँ।

(बी०एल०जोशी)



# युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानन्द जयन्ती

महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी की 150 वीं जयन्ती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्रोत, पथ प्रदर्शक, युगप्रणेता, महान दार्शनिक स्वामी जी पहले ऐसे सन्त थे जिन्होंने अध्यात्म और विज्ञान में समन्वय के बीच मानव–उत्थान की राह देखी थी। 23 वर्ष की अवस्था में सन्यास लेकर गरीबों और पीड़ितों की सेवा के लिए पूरे देश का भ्रमण करने वाले स्वामी जी को कई भाषाओं का ज्ञान था। उन्होनें 1893 में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित सर्वधर्म सम्मेलन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। कालेज प्रबन्धक विनय त्रिवेदी ने स्वामी जी के आदर्शों एवं विचारों को आज भी प्रासंगिक करार देते हुए इन्हें अपनाने पर बल दिया क्योंकि स्वामी जी ने कर्म को सर्वाधिक महत्व देते हुए युवा शक्ति को जाग्रत करने का कार्य किया।




युवा महोत्सव-मा० प्रबन्धक महोदय एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पुरस्कृत छात्र-छात्राएँ

# महान सन्त श्री पथिक जी के जन्मोत्सव के साथ शुरू हुआ त्रिदिवसीय युवा महोत्सव



युवा महोत्सव में वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी छात्रगण

दिनांक 15 जनवरी 2013 को महान सन्त श्री पथिक जी का जन्मोत्सव (जन्म दिवस) बड़े धूम–धाम एवं हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय में मनाया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि श्री पथिक जी का सम्पूर्ण जीवन जनमानस, विशेष कर युवाओं के मार्गदर्शन एवं सेवा में व्यतीत हुआ। उनका मानना था कि युवावस्था में ही कर्म करके मानव जीवन को श्रेष्ठ एवं सार्थक बनाया जा सकता है। श्री पथिक जी ने मठ और आश्रम आदि न बनवाकर ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा देने हेतु अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की। इस मौके पर त्रिदिवसीय युवा महोत्सव का अयोजन किया गया जिसमें आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के निर्णय करने हेतु निर्णायक दल में कालेज एवं बाहर की शिक्षण संस्थाओं के शिक्षाविद् शामिल रहे। महोत्सव के अन्तिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में आये प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार समाधिया ने युवा महोत्सव में आयोजित खेलकूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सम्बन्ध में कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थी का बहुमुखी विकास होता है। उनमें अच्छे संस्कार आते हैं। अच्छे संस्कार एवं बहुमुखी प्रतिभाओं के विकास होने से छात्र एक आदर्श नागरिक के रूप में बेहतर समाज का निर्माण करते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं–निबन्ध–लेखन में प्रज्ञा द्विवेदी–प्रथम, प्रतिभा सिंह–द्वितीय, काव्य–लेखन में सूर्यकान्त द्विवेदी, प्रियास्वर्णकार, वॉल–डेकोरेटिंग में सृष्टि ग्रुप, वाद–विवाद में प्रज्ञा, नम्रता सिंह, सामान्य ज्ञान में नम्रता सिंह, अरूण कुमार, मेंहदी में गुंजन, आकांक्षा, गीत में नीतिका, शैलेन्द्र, नृत्य में प्रज्ञा, रजनीश, रंगोली में नासरीन बानो, प्रमिल सचान, रेस 100 मी0 में धीरज कुमार कमल, रेस 50 मी0 में रीता, प्रियंका, बैडमिंटन गर्ल्स में नम्रता सिंह, आशा, बैडमिंटन ब्वॉयज में सौरभ ओमर, रजनीश, बॉलीबॉल में बी0टी0सी0 ग्रुप, बी0एस0सी0 ग्रुप, चेस में शत्रुघ्न यादव व सुबोध कान्त को क्रमशः प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करते समय पूरा समाजार छात्र–छात्राओं की तालियों से गूंज उठा। सभी सफल प्रतिभागियों को निरन्तर अभ्यास की सलाह शिक्षकों द्वारा दी गयी। इस अवसर पर विवेक त्रिवेदी संतोष मिश्रा सहित क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं के प्रबन्धक, प्राचार्य, शिक्षक, ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय ग्रामवासियों सहित समस्त कालेज स्टॉफ व छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। इस मौके पर त्रिदिवसीय युवा महोत्सव का अयोजन किया गया जिसमें आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के निर्णय करने हेतु निर्णायक दल में कालेज एवं बाहर की शिक्षण संस्थाओं के शिक्षाविद् शामिल रहे।

# महाविद्यालय का यू0जी0सी0 नैक से हुआ मूल्यांकन


महाविद्यालय में कम्प्यूटर प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए नैक पीयर्स टीम के सदस्य


छात्र-छात्राओं के मध्य विज्ञान प्रदर्शिनी का निरीक्षण करते हुए नैक पीयर्स टीम के सदस्य


महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला की निरीक्षण करते हुए नैक पीयर्स टीम के सदस्य


आर्ट एण्ड क्राफ्ट विभाग का निरीक्षण करते हुए नैक पीयर्स टीम के सदस्य

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) की टीम द्वारा कालेज के निरीक्षण एवं शिक्षा की गुणवत्ता परखने के बाद निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर महाविद्यालय के अध्यापकीय शिक्षा विभाग को 2.78 अंक के साथ ''बी'' ग्रेड (अच्छा महाविद्यालय) प्रदान किया गया। श्री शक्ति डिग्री कालेज आस–पास के क्षेत्रों–घाटमपुर, हमीरपुर, फतेहपुर, कानपुर देहात, में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाला महाविद्यालय हो गया है। नैक की टीम ने अपने दो दिन के निरीक्षण में कालेज की पठन–पाठन व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, शिक्षण–कक्ष आदि की जाँच की, साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अकेले में बात कर उनकी क्षमताओं का आकलन किया एवं शिक्षा का स्तर जॉचनें के लिए टीम ने प्रबन्धन्तन्त्र, पूर्व छात्रों, अभिभावकों एवं वर्तमान छात्र–छात्राओं से भी अलग–2 बात की। नैक निरीक्षण दल में चेयर पर्सन पश्चिम बंगाल से, कोऑर्डिनेटर मुम्बई एवं तीसरी सदस्य हरियाणा से थीं।


भौतिक विज्ञान की बारीकियों की जानकारी प्राप्त करते छात्रगण

## विज्ञान को प्रयोग के माध्यम से आसानी से सीखें

महाविद्यालय में दिनांक 5 मार्च को इण्डियन एसोशियेशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आई0ए0पी0टी0) की यूपी इकाई द्वारा इन्द्रानगर कानपुर में संचालित लैब''अन्वेषिका''के तत्वावधान में विज्ञान संकाय के छात्र–छात्राओं हेतु विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।आई0ए0पी0टी0 के सचिव डी0बी0एस0 कालेज के भौतिक शास्त्र के प्रवक्ता डॉ0 संजय शर्मा ने भौतिकी के अध्ययन में विजुवलाइजेशन के प्रभाव पर विभिन्न मॉडलों द्वारा थ्योरी को अधिक प्रभावी ढ़ंग से कैसे पढ़ाया जा सकता है। इस पर उन्होंने कर के सीखने के सिद्धान्त पर जोर देते हुए अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला। डी0ए0वी0 कालेज के प्रवक्ता डॉ0 अभय सक्सेना ने इलेक्ट्रानिक्स के कम्पोनेंट एवं सिद्धान्तों, इसके महत्व और इस्तेमाल पर पावर प्वाइंट आपरेटर्स का प्रदर्शन कर अत्यन्त रोचक ढंग से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। ग्रामीण परिवेश में छात्रों को साइंस की सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी प्राप्त हो सके इसके लिए इन्होनें अनेक प्रयोगों को कर के दिखाया। डॉ0 सक्सेना ने ब्रह्माण्ड की खोज के लिए हो रहे दुनिया के सबसे बड़े प्रयोग ''लार्ज हाइड्रोन कोलाइडर'' के बारे मे सूक्ष्म जानकारी प्रदान की। इलेक्ट्रानिक्स का शिक्षा एवं मानव जीवन में महत्व के विषय में भी बृहद चर्चा की। डा0 सक्सेना ने साइंस, आर्ट एवं कामर्स संकाय में भी तुलनात्मक अध्ययन पर भी चर्चा की। उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं हो सकता है। जब तक सिद्धान्त को प्रयोग करके नहीं देखा जायेगा तब तक शिक्षा अधूरी है। साथ ही उपस्थित छात्र–छात्राओं ने भौतिकी से जुड़े तमाम सारे सवाल पूंछ कर एवं उनके सटीक जवाब पाकर अपनी जिज्ञासाएं भी शान्त की। डी0ए0बी0 कालेज के प्रवक्ता, डॉ0 अनुराग सक्सेना ने भी भौतिकी से जुड़े अनेक टॉपिक्स पर व्याख्यान दिया जिसमें लहर का चलना पेन्डुलम आदि के सरल प्रयोग शामिल हैं।


मा० उपप्रबन्धक महोदय को सम्मानित करती छात्रा

## शिक्षक इतिहास का निर्माता है
## महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

समाज व राष्ट्र की वर्तमान व भावी आवश्यकताओं की पूर्ति करने का गौरवपूर्ण कार्य गुरूजनों द्वारा ही सम्पन्न किया जाता रहा है। अतः प्राचीनकाल से ही गुरूजनों का सम्मान ईश्वर से भी ऊँचा माना जाता रहा है। गुरूजनों के प्रति अपनी परम्परागत आस्था बनाए रखते हुए क अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं द्वारा 6 मार्च 2013 को गुरूजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारम्भ महाविद्यालय उपप्रबंधक श्री विवेक त्रिवेदी जी ने माँ सरस्वती एवं पथिक जी महाराज के छविचित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी जी ने कहा कि शिक्षक इतिहास का निर्माता है। राष्ट्र का इतिहास विद्यालयों में लिखा जाता है। विद्यार्थी किसी भी समाज व राष्ट्र की सम्पत्ति होते हैं साथ ही उसके भावी कर्णधार भी। गुरूजनों की भूमिका बगीचे के माली के समान होती है जो छात्र/छात्राओं के शारीरिक मानसिक, जैविक तथा आध्यात्मिक विकास का उत्तरदायित्व वहन करता है। हम, हमारा समाज हमारे गुरूजनों से सदैव अपेक्षा करता आया है कि वे अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए। छात्र/छात्राओं को महाप्राण शक्तियाँ बनाते रहेंगे। इसके उपरान्त स्नातक अंतिम वर्ष छात्र/छात्राओं–अर्चना, प्रभा, निधि, शुभी, अलका, प्रांजल आदि ने सामूहिक रूप से महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं को आदर सहित प्रतीक चिन्ह आदि भेंट किया व सुखद भविष्य हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्नातक स्तर के छात्र/छात्राओं के अलावा डॉ0 बी.के. चन्द्रा, प्रगति मिश्रा, डॉ. भावना शर्मा नीलिमा मिश्रा, सत्येन्द्र अग्निहोत्री, देवेन्द्र त्रिपाठी, शिवशरण वर्मा जितेन्द्र तिवारी, डॉ0 जय किशोर, जय प्रकाश मिश्र, अरविन्द मिश्र, अमित श्रीवास्तव, अनीन्द्र पाण्डेय, डॉ0 संध्या सचान आशुतोष शुक्ल आदि शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।


विदाई समारोह के दौरान वरिष्ठ छात्रा का सम्मान करती छात्राएँ

## छात्र/छात्राओं की विदाई समारोह में छलकी आँखें

दिनांक 27/02/2013 को महाविद्यालय के सभागार में बी0 एस–सी0 अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राओं को सस्नेह सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। जूनियर छात्र–छात्राओं ने सीनियर छात्र–छात्राओं को मिठाई खिलाई व टीका लगाकर प्रतीक चिन्ह भी भेंट किये। इस दौरान गीत, गजल, कविता व मिमिक्री भी प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था–उपाध्यक्ष विवेक त्रिवेदी ने दीप प्रज्जलन की। सीनियर छात्र–छात्राओं ने जूनियर छात्र–छात्राओं को सलाह दी कि कालेज परिवार जैसा होता है जहाँ से भविष्य निर्माण की सीढ़ी खुलती है। अतः सभी को अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सदैव शिक्षकों के प्रति सम्मान बनाये रखना चाहिए। इस दौरान अनेक कार्यक्रम स्वागत गीत रूचि सिंह द्वारा, एकल गीत वर्षा के द्वारा व मिमिक्री श्वेता सिंह के द्वारा प्रस्तुत किये गये। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम गजल कविता आदि सुनाकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन कराया। इस दौरान सीनियर छात्र–छात्राओं की आँखे नम हो गयी और गले रूंध आये। ''कालेज और साथियों से विछड़ने का गम, उज्जवल भविष्य की राहें यादों का संगम'' इसी याद के साथ विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्री त्रिवेदी ने छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यहाँ से पढाई पूरी कर जहॉ भी जायें अच्छा करें जिससे महाविद्यालय, शिक्षकों, माता–पिता व परिवार सभी का नाम हो।

## बी.सी.ए. के छात्र/छात्राओं ने की ट्रेनिंग

महाविद्यालय में संचालित बी.सी.ए. के छात्र/छात्राओं ने भारत–संचार निगम लि0 (बी.एस.एन.एल.), कानपुर में कम्प्यूटर एवं संचार से जुड़ी ट्रेनिंग प्राप्त की साथ ही छात्र/छात्राओं ने सी.एम.सी. में भी ट्रेनिंग प्राप्त कर अपने प्रैक्टिकल ज्ञान को बढ़ाया। ट्रेनिंग के पश्चात् नये आत्मविश्वास से भरे विद्यार्थियों ने कहा कि कक्षा–शिक्षण और लैब में मिलने वाली नियमित शिक्षा व्यवस्था के कारण वे ट्रेनिंग में आसानी से चीजों को समझ सके यह ट्रेनिंग भविष्य में विद्यार्थियों को बेहतर नौकरी पाने में अत्यन्त सहायक सिद्ध होगी।



व्याख्यान देते अतिथि डॉ० नरेन्द्र मोहन सक्सेना

# मानव जीवन के हर पहलू का अभिन्न अंग है शैवाल (वनस्पति विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान)

दिनांक 31 जनवरी को महाविद्यालय में शैवाल (काई) की कृषि एवं मानव जीवन पर उपयोगिता विषय में आयोजित व्याख्यान माला में डी0ए0वी0 कालेज कानपुर के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 नरेन्द्र मोहन सक्सेना ने कहा कि नीलहरित शैवाल मनुष्य के जीवन से हर पहलू में जुड़ी है। हमारी प्राणवायु का 70% भाग शैवाल की प्रकाश संश्लेषण से हीमिलता है। वायुमण्डल की नाइट्रोजन को जैविक खाद के रूप में शैवाल के द्वारा पा सकते है जो हमारी यूरिया की बचत कर सकता है। हम जल के शुद्धीकरण के लिए जो बैक्टीरिया आक्सीडेशन का कार्य करते है उनको भी जल में आक्सीजन शैवाल (काई) के द्वारा मिलती है चाहे वह पीने का पानी हो या नाली का। ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए सबसे पुरानी विधि शैवाल को जमीन में लगाना है। उन्होंने बताया कि एजोला नामक पौधा तालाब में तैरता है जो सर्दियों में मिलता है, इसके अन्दर भी नील हरित शैवाल पाया जाता है। इसलिए इसे जैविक खाद की तरह उपयोग किया जा सकता है। इफको कम्पनी जैविक खाद के रूप में बहुत सस्ते दामों पर नील हरित शैवाल और एजोला छोटे–2 पैकेटों में बेचती है। हम गाँव के किनारे तालाबों में पाये जाने वाले एजोला को खेत में जैविक खाद की तरह उपयोग कर सकते हैं। हमें भोजन का आवश्यक तत्व प्रोटीन 70% स्पाईसलिना नामक शैवाल में पाया जाता है। इसे डॉबर कम्पनी इसी नाम से बेंचती है।



# कम्युनिकेटिव इंग्लिश पर कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 28 फरवरी को महाविद्यालय की लैंग्विज लैब में इण्टर कालेजो के अंग्रेजी शिक्षकों एवं अभिभावकों हेतु आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षक डॉ0 बी0के0 चन्द्रा ने बताया कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियो की अंग्रेजी मे कमजोरी को ध्यान में रखते हुए विशेष विधि से मल्टीमीडिया के प्रयोग द्वारा अंग्रेजी शिक्षण बहुत प्रभावी सिद्ध हुआ है। भाषा प्रयोगशाला के उपयोगिता व आवश्यकता पर सजीव प्रदर्शन से सहभागी शिक्षकों ने लाभ उठाया। इस सम्पूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार की यह पहली लैब है जो मात्र 6 माह की अल्पावधि में छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुई है। सहभागी शिक्षकों ने ऐसी कार्यशालाएँ सदैव अयोजित करने की माँग की। इस अवसर पर रोहिणी कुमार दीक्षित, अवधेश तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, नीरज आर्य, अमित कुमार, श्रवण कुमार, अरूण तिवारी, प्रदीप कुमार कश्यप, देवेन्द्र कुमार सहित क्षेत्रीय अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।



सी.एस.जे.एम. वि.वि. कानपुर प्लेसमेंट प्रभारी डॉ० सुधांशु राय व अन्य

# महाविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल का शुभारम्भ

महाविद्यालय मे दिनांक 19 फरवरी 2013 को ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल का शुभारम्भ सी0एस0जे0एम0 यूनिवर्सिटी के प्लेसमेन्ट सेल के प्रभारी डा0 सुधान्शु राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा0 राय ने बताया कि अच्छी नौकरी पाने के लिए तीन गुणों कम्युनिकेशन, पर्सनॉलिटी एवं कान्फीडेन्स का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी क्षमताओं का आकलन पहले करना चाहिए। डा0 राय ने कहा कि इस सेल के द्वारा सुदूरवर्ती छात्र–छात्राओं को लाभ मिलेगा। कालेज द्वारा की जा रही यह पहल अन्य स्ववितपोषित महाविद्यालयों के लिए अनुकरणीय है। डा0 राय ने बताया कि कालेज की प्लेसमेन्ट सेल विश्वविद्यालय की प्लेसमेन्ट सेल से सम्बन्धित होगी और महाविद्यालय के छात्र–छात्राएँ विश्वविद्यालय में आने वाली कम्पनियों में बेहतर जॉब पाने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने डा0 राय से कई प्रश्न पूछे जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्रों को जवाब देकर संतुष्ट किया।

# विश्व महिला दिवस पर वुमेन-एण्टी हैरिसमेण्ट सेल द्वारा दिए गए सुरक्षा टिप्स

दिनांक 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में स्थापित वुमेन–एण्टी हैरिसमेंट सेल के तत्वाधान में एड गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की भर्त्सना करते हुए कहा कि भारत में आज भी महिलाएँ सुरक्षित नहीं हैं। उन पर दिन प्रतिदिन अत्याचार हो रहे हैं। पुरूष प्रधान समाज में आज भी नारियाँ उपेक्षा एवं जुल्म की शिकार हैं। बड़े–बड़े पदों पर महिलाओं के विराजमान होने पर भी महिलाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्हें केवल उपभोग की वस्तु मानकर लगातार उनका शोषण किया जा रहा है। महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार का एक प्रमुख कारण लचर कानून व्यवस्था है। समय से अपराधियों को कठोर दण्ड न मिलने से उनके हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। सभी वक्ताओं ने एक स्वर से जागरूक होने और अत्याचार एवं जुल्मों के प्रति एक साथ आवाज बुलन्द करने का आह्वान किया ताकि महिलाओं को उनके अधिकारों के हनन से बचाया जा सके और समाज में सम्मानित स्थान मिल सकें। इसी के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।



मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रृद्धान्जलि अर्पित करते हुए छात्र-छात्राएँ

# धारण एवं मोमबत्ती जलाकर दी गई शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

महाविद्यालय में दिनांक 23 मार्च को शहीद दिवस के उपलक्ष्य में देश की आजादी में प्रमुख भूमिका निभाने वाले युवा क्रान्तिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की शहादत को स्मरण कर छात्र–छात्राओं नें दो मिनट का मौन रखा तथा मोमबत्ती जलाकर उन्हें सच्ची श्रद्धान्जली अर्पित की। विश्वविद्यालय वार्षिक परीक्षा की अन्तिम पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद महाविद्यालय प्रांगण में समस्त छात्र–छात्राएँ उपस्थित हुए और पंक्तिबद्ध खड़े होकर क्रान्तिकारियों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धान्जलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर कालेज प्रबन्धक विनय त्रिवेदी ने सभी क्रान्तिकारियों एवं उनके साथियों के देश के प्रति त्याग और बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा कि उनकी इस शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हम स्वयं को जो स्वतन्त्र महसूस कर रहे है यह इन्ही क्रान्तिकारियों की देन है। डॉ0 सन्दीप त्रिपाठी ने युवा क्रान्तिकारियों के जीवन पर विचार व्यक्त कर उनका स्मरण कराया। सभी छात्र–छात्राओं ने मौन रखने के बाद मोमबत्ती जलाकर शक्ति प्रदायिनी माँ दुर्गा जी के मन्दिर मे रखकर उन क्रान्तिकारियों कों ब्रिटिश सरकार द्वारा असमय फॉसी देने पर सच्ची श्रद्धान्जलि अर्पित की। विश्वविद्यालय वार्षिक परीक्षा की अन्तिम पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद महाविद्यालय प्रांगण में समस्त छात्र–छात्राएँ उपस्थित हुए और पंक्तिबद्ध खड़े होकर क्रान्तिकारियों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धान्जलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा।



नेत्र रोगियों को निःशुल्क परामर्श एवं चिकित्सकीय सहायता के दौरान चिकित्सकगण

# महाविद्यालय में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं कृषि सेवा शिविर का आयोजन



कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी के दौरान क्षेत्रीय किसान एवं सहयोगी वैज्ञानिकगण

महाविद्यालय में दिनांक 9 फरवरी को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं कृषि उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन लाला दाताराम खण्डेलवाल धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय बिठूर कानपुर के सहयोग से किया गया। नेत्र रोग परीक्षक डॉ0 वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि रोगियों में मोतियाबिन्द के'' नेत्र रोगी चिन्हित किये गये। साथ ही अन्य में नाखून, जाला, नासूर व सबलबाई जैसे रोग पाये गये। उन्होंने बताया कि कुपोषण, मधुमेह (डायबिटीज) व ब्लड प्रेशर जैसे कारणों से नेत्र रोगियों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। बढती उम्र के कारण मोतियाबिन्द हो रहा है। शिविर में 125 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें दवा वितरित की गयी एवं आपरेशन के लिए डायबिटीज व ब्लड प्रेशर की भी जांच की गयी। डॉ0 शुक्ला ने बताया कि यदि खान–पान पर ध्यान दिया जाय तो नेत्र ज्योति को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सलाह दी कि यदि आँख में कुछ भी परेशानी हो तो स्वयं डाक्टर न बनें और चिकित्सकीय परामर्श के बिना खरीद कर कोई भी दवा आँख में न डालें बल्कि नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में तुरन्त जाँच कराकर डॉक्टर की सलाह से इलाज करायें। डायबिटीज आदि का इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टर से करायें। महाविद्यालय के प्रसार विभाग द्वारा आयोजित कृषि प्रदर्शनी में लोगों को कीटनाशक दवाएं, व छिड़काव की मशीन एवं उद्यान सम्बंधी उपकरणों के बारे में जानकारी दी गयी। फसल सुरक्षा के अन्तर्गत फसलों को कीटों से बचाने के लिए दवा व उसके छिड़काव के लिए स्प्रेमशीन का भी व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। हस्त चालित मशीन के साथ–साथ मोटर चालित व बैट्री चालित मशीनें भी किसानो की सुविधानुसार प्रदान की गयी।



## FROM THE FOUNDER`S DESK ..................

Assessment and Accreditation of Teachers Education Department by National Assessment & Accreditation Council(NAAC) is certainly a milestone for our college but this process has inherent message- a message for all campus community to use it not for complacency but for true introspection. Here is nothing for discouragement but is everything to translate for golden to morrow.Our Institution has already established Internal Quality Assurance Cell(IQAC) but we must ensure that it is not confined only to record building cell . This cell needs adequate empowerment to make more effective highest academic body of the Institution. More and more use of latest technology not only for teaching-learning but also for community services, establishment of one active and result oriented placement cell and science-led value education are main challenges before our college.

Let us pledge our co-operation for meeting these challenges successfully. Let us popularize the emotional feeling of "Mahavidyalay Pariwar" amongst all our stakeholders. Finally, let us bring a day when all to quote and follow us and not us to quote and follow others. I extend my hearty congratulations to the Publication Board of Newsletter and appreciate for their all efforts to bring out this issue. With warm hearty New Year's Greeting for all our stakeholders.

***R. C. Trivedi***
(Founder)
M.Com, L.L.B, CAIIB
Ex-Ditrector : Bank of Baroda


# SHRI SHAKTI DEGREE COLLEGE

Shankhahari, Ghatampur, Kanpur Nagar

## A Study of Centre of

Indira Gandhi National Open University (IGNOU)

**PROGRAMMES OFFERED -**

- Certificate in Guidance (CIG)
- Bachelor's Degree Programme (BDP)
- Bachelor's Preparatory Programme (BPP)
- Post Graduate Diploma in Rural Developement (PGDRD)
- Certificate in Rural Development (CRD)



परामर्श :-
**श्री विनय त्रिवेदी**
**श्री विवेक त्रिवेदी**

संपादक :-
**डॉ0 सन्दीप त्रिपाठी**

सह संपादक :-
**डॉ0 संध्या सचान**
**जय प्रकाश**

समाचार संकलन एवं लेखन :-
**अखिलेश मिश्र**
छात्र/छात्रा प्रतिनिधि :-
**अनूप तिवारी, प्रियंका एवं पूर्व छात्र मोहित**



श्री शक्ति डिग्री कॉलेज, साँखाहारी, पो०-हरबसपुर, घाटमपुर-कानपुर नगर-209 206

फोन : 05115-237319, 237381, फैक्स नं० : 05115-237381 Website : www.ssdckanpur.org, email : info.ssdc@gmail.com


Printed by :SHUBHAM ENTERPRISES - 9839620553